an>

Title: Regarding the need to ensure proper medical facilites for the mini workers of Kota, Rajasthan who are exposed to various hazardous minerals.

श्री ओम बिरला (कोटा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान में 32 हजार खानें हैं, जिसमें 20 लाख से ज्यादा लोग काम करते हैं। मेरे इलाके कोटा, बूंदी लोक सभा क्षेत्र में 2 लाख से ज्यादा मजदूर खान में काम करते हैं। खान में काम करने वाले लोग सिलिका एवं अन्य अयस्कों के कारण फेफड़ों की गंभीर बीमारी सिलोकिस से ग्रस्त हैं।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, वह मजदूर 40 साल की उम्र में मौत से जूझ रहा है। वहां पर छोटी-छोटी बीमारियों की जांच करने के लिए भी कोई उपकरण नहीं है। लंग्स, बायोप्सी, कैट स्कैन, फ्लोरिंग फंक्शन टैस्ट आदि करने की कोई फैसिलिटी नहीं है। वहां न्यूमोकोलिस बोर्ड बना हुआ है। उसके लिए स्पाइरोमीटर की भी जांच का कोई अंत नहीं है। मेरी इतनी ही मांग है कि केन्द्र और राजस्थान सरकार का खान विभाग और चिकित्सा विभाग मिलकर खान में करने वाले मजदूर की चिकित्सा जांच करें और जो मजदूर मौत से जूझ रहा है, उस बीमारी के इलाज के लिए वातावरण सुरक्षित बनाये। मेरी केन्द्र सरकार से यह भी मांग है कि खान मजदूर के इलाज की व्यापक व्यवस्था की जाये।